>

Title: Need to implement irrigation projects in Jamui Parliamentary Constituency.

श्री भूदेव चौधरी (जमुई): सभापति महोदय, 15वीं लोक सभा का अंतिम सत्र है और अंतिम दिन में आपने मुझे बोलने का समय दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं अपने संसदीय क्षेत्र के संदर्भ में बताना चाहता हूं कि विगत दो सत्रों में मैंने इन समस्याओं को जोरदार तरीके से रखने का काम किया है और सरकार से अनुरोध किया है कि देश की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर करती है और हमारा देश किसान का देश है, लेकिन मेरे क्षेत्र में दो जलाशय योजनाएं विगत 35 वर्षों से लम्बित हैं। बलराल जलाशय योजना और सिंधवाड़नी जलाशय योजना, जिसमें करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं, लेकिन ये योजनाएं 32-33 वर्षों से लम्बित हैं। दस हजार हेक्टेयर जमीन इस पानी से सिंचित हो सकती है और किसान खुशहाल होगा। दस से बारह करोड़ रुपया खर्च होने के बाद भी एक बूंद पानी भी किसानों को नहीं मिला है।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि बलराल जलाशय योजना और सिंधवाड़नी जलाशय योजना को तुंत शुरू किया जाए, ताकि वहां के किसानों को लाभ मिल सके।